nt>

Title: Need to introduce 'Pantry Car Facility' in Vikramshila Express running between Bhagalpur and New Delhi-Laid.

श्री सुशील कुमार मोदी (भागलपुर) : अध्यक्ष महोदय, भागलपुर से नयी दिल्ली जाने वाली विक्रमशिला एक्सप्रेस लम्बी दूरी की गाड़ी है। रास्ते में इसका ठहराव भी काफी कम स्टेशनों पर है। भागलपुर से दिल्ली जाने वाली यह सबसे महत्वपूर्ण ट्रेन है। परन्तु, इस रेल में भोजन पान नहीं होने से यात्रियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

अतः अनुरोध है कि विक्रमशिला एक्सप्रेस में भोजन-पान(पेन्ट्री कार) लगाया जाये।